# दुष्कर्म के आरोपी औसाफ की कोर्ट में पिटाई

## बीचबचाव में पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच भी हुई झूमाझटकी



**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 3 फरवरी. जिला कोर्ट में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोपी युवक औसाफ अली पिटाई का कथित वीडियो मंगलवार को सामने आया.**

औसाफ को कोहेफिजा थाना पुलिस जब रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट पहुंची थी. इस दौरान अधिवक्ताओं की भीड़ आरोपी औसाफ पर टूट पड़ी. इस घटना का वीडियो भी मौजूद लोगों ने बना लिया. औसाफ को बचाने के लिए इस दौरान पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई. पुलिस ने आरोपी औसाफ को बचाकर थाने तक पहुंची. बता दें कि आरोपी औसाफ 3 दिन की पुलिस रिमांड पर है. पुलिस उससे पीड़िता के साथ दुष्कर्म के कथित वीडियो और ब्लैकमेलिंग के साथ ही धर्मांतरण का दबाव बनाने के लगे आरोपों पर सवाल कर रही है. 11 वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी पर पाक्सो एक्ट का भी केस दर्ज किया गया है.

### हत्या का कोशिश करने वाले गिरफ्तार

**भोपाल.** कोलार थाना पुलिस ने एक युवक की हत्या का प्रयास करने वाले एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके पर ही घटना में इस्तेमाल किए गए हथियारों को जब्त कर लिया है. आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते युवक पर तलवार और डंडे से हमला कर दिया था. फरियादी अभि मीना (27) निवासी इंदौर ने शिकायत दर्ज कराई. अभि ने पुलिस को बताया कि वह न्यू सनखेड़ी कोलार रोड में वर्तमान में रहता है. पुरानी रंजिश के चलते आरोपी सागर, राज उईके, तरुण और उनके एक अन्य साथी ने मिलकर फरियादी के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से हमला किया. आरोपियों ने तलवार और डंडे से अभि पर हमला किया. इस हमले में अभि को गंभीर चोट आई. मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राज ऊईके, तरुण अहिरवार को गिरफ्तार किया. पुलिस ने नाबालिग आरोपी से पूछताछ करते हुए मौके पर मिले तलवार और बांस के डंडे को जब्त कर लिया.



### पुलिस कमिश्नर ने देखी ट्रैफिक व्यवस्था

**भोपाल.** पुलिस कमिश्नर संजय कुमार पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड पर नजर आ रहे हैं. मंगलवार को वह सुबह 10 बजे ही सड़कों पर निकले. व्यापमं चौराहे पर बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया. ट्रैफिक समस्या को ठीक करने की इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ प्लानिंग भी बनाई.

# 20 जिलों में मावठा गिरने का अलर्ट

**मध्यप्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर**

▸ बारिश के बाद तीन दिन घना कोहरा, कल से नया सिस्टम होगा सक्रिय

**भोपाल,03 फरवरी. मध्य प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट ले रहा है. पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी है.**

मंगलवार को मौसम विभाग ने भोपाल समेत 20 जिलों में गरज-चमक के साथ मावठा गिरने की चेतावनी जारी की है. राजधानी भोपाल में मंगलवार तड़के बारिश दर्ज की गई, जबकि सोमवार को प्रदेश के कई संभागों में बादल छाए रहे और कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई.

उत्तरी मध्य प्रदेश में इस सिस्टम का असर सबसे अधिक दिखा. टीकमगढ़, आगर-मालवा



और अशोकनगर में सुबह ही बारिश हुई, जबकि कुछ जिलों में शाम के समय मौसम बदला. पिछले 24 घंटे के दौरान उज्जैन, चंबल और सागर संभागों के कई जिलों में वर्षा दर्ज की गई, जबकि शेष संभागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा. बारिश के बाद अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा छाने की संभावना है, जिससे दृश्यता प्रभावित रहेगी. मौसम विभाग ने कहा है कि 5 फरवरी की रात से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जो 10 फरवरी तक बारिश की स्थिति बनाए रख सकता है.

इस सिस्टम के लौटने से प्रदेश में ठंड और बढ़ने की आशंका है. तापमान में खास बदलाव नहीं देखा गया, लेकिन न्यूनतम तापमान में शहडोल संभाग के जिलों में 2.7एष्ट तक वृद्धि दर्ज की गई. अन्य संभागों में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहा. वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और पंजाब क्षेत्र के ऊपर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में सक्रिय है. इसके साथ ही मध्य एवं ऊपरी वायुमंडलीय पश्चिमी पवनों में ट्रफ और उत्तर-पूर्वी पंजाब में प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण भी सक्रिय है.



### नगर निगम ने 2 बकायादारों की संपत्ति की कुर्क

**भोपाल.** नगर निगम माली हालात को सुधारने के लिए एक्शन मोड़ पर है और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए निरंतर वसूली की कार्रवाई कर रहा है. नगर निगम ने मंगलवार को करों का भुगतान न करने वालों के विरूद्ध संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की. यह कार्रवाई 2 बकायादारों पर की. इन बकायादारों को नगर निगम के द्वारा नोटिस दिए गए थे, उसके बाद भी संपत्तिकर जमा नहीं किया गया. जोन क्र. 20 के वार्ड क्र. 6 के में हलालपुर बस स्टैंड पर होटल डी-गोल्डन की संचालक कोमल देवी मोरंदानी पर बकाया 82 हजार तथा सुरेश कुमार मोरंदानी पर बकाया 55 हजार रुपये की राशि का भुगतान न करने पर उक्त दोनों बकायादारों की सम्पत्तियां कुर्क की.

# डेढ़ महीने बाद भी नहीं बना मुत्यु प्रमाण पत्र

▸ विभाग में हर बार एक नए दस्तावेज की मांग

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल. नगर निगम के सफाईकर्मी बृज नाहर की डेढ़ माह पहले पानी में डूबने मौत हो गई थी, उसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मृतक के पुत्र हर्ष नायर ने 16 दिसंबर को आवेदन को आवेदन किया था.**

हर्ष ने बताया कि विभाग द्वारा सही जानकारी नहीं देने से मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है, अभी तक वह पंजीयन शाखा के चक्कर लगा रहा है. हर्ष ने बताया कि आवेदक से पोस्टमार्टम रिपोर्ट, थाने की एफआईआर, पार्षद का पंचनामा, शमशान घाट की पर्जी सहित अन्य दस्तावेज की मांग करते हैं. इन दस्तावेजों की जानकारी पंजीयन शाखा के द्वारा आवेदक को एक बार में नहीं दी जाती है.







मृतक के परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र जरूरत संपत्ति, बीमा, अनुकंपा नियुक्ति, आर्थिक सहायता में पड़ती है. इसके लिए उसे यह कार्य करवाने की जल्द आवश्यकता होती है.

**इनका कहना है**

मैं डेढ़ महीने से पिता जी का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पंजीयन शाखा के चक्कर लगा रहा हूं. हर बार कोई न कोई दस्तावेज लाने के लिए परेशान कर रहे हैं.

**- हर्ष नाहर, मृतक का पुत्र**

मेरी जानकारी में नहीं है. आपने मेरे संज्ञान में लाया है. तत्काल दिखवाकर निदान करवाऊंगा.
वरुण अवस्थी,
अतिरिक्त कमिश्नर, नगर निगम भोपाल

### एक नजर में

**14 साल के बच्चे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या**

**भोपाल.** 14 साल के छात्र ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सोमवार को माता-पिता जब घर में उसे अकेला छोड़कर एक रिश्तेदार के यहां गए थे,तभी उसने यह कदम उठाया. पिपलानी पुलिस ने मौके पर पुहंचकर बच्चे के कमरे से मिले मोबाइल फोन को जब्त कर मामला जांच में ले लिया है.थाना प्रभारी चंद्रिका यादव ने बताया कि अंश साहू कक्षा 8वीं का छात्र था. शव का पीएम कराते हुए पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है. अंश के परिजनों ने पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में बताया कि वह मोबाइल पर गेम खेलने का शौकीन था.

**लूट के अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज**

**भोपाल.** सूखी सेवनिया पुलिस ने एक व्यापारी के साथ लूट करने वाले तीन नकाबपोश अज्ञात बदमाशों की तलाश की जा रही है. व्यापारी के साथ करीब 2 लाख रुपये नगदी की लूट की घटना हुई है. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालते हुए पुलिस बदमाशों की पहचान करने में जुटी है. फरियादी आबिद खान ने पुलिस को बताया कि रविवार-सोमवार की दरमियानी देर रात जब वह नवीबाग से अपने घर जा रहे थे. इस दौरान तीन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोका और उनके पास रखे 2 लाख रुपये नगद लेकर फरार हो गए थे.

# 80 हजार आवेदन नाम जुड़वाने और हटाने के लिए पहुंचे

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 3 फरवरी. एसआईआर का कार्य अंतिम चरण में है. जिले में लगभग 4.50 लाख मतदाताओं के नाम एसआईआर के दौरान काटे जा चुके हैं. यह सब वो लोग हैं, जिनके नाम पहले से मतदाता सूची में हैं, लेकिन इनसे बीएलओ का संपर्क नहीं हो पा रहा है.**

एसआईआर में आवेदन की अंतिम तिथि के बाद 80 हजार आवेदन नाम जुड़वाने और हटाने के लिए पहुंचे हैं, जिसमें लगभग 50 प्रतिशत का कार्य पूर्ण हो चुका है. शेष कार्य को जल्द पूरा करने की प्रक्रिया चल रही है. एसआईआर के बाद जो नाम कम हुए है या जिनके हटाये गये है उनमें से 80 हजार आवेदन पहुंचे हैं, जिनकी स्क्रूटनी चल रही है. आवेदनों में लगभग 20 हजार आवेदन नाम कटवाने के होने की संभावना है, जिससे 60 हजार मतदाताओं के नाम एसआईआर की मतदाता सूची में बढ़ सकते हैं. एसआईआर के बाद लगभग 20 प्रतिशत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं. इस वजह से वोटिंग प्रतिशत कम हुआ है. जिसकी जीत 55 प्रतिशत वोट से हुई थी अब वहीं आगे चल कर 45% रह जाएगी.

### सिगरेट उधार नहीं देने पर दुकानदार की पिटाई

**भोपाल.** सूखी सेवनिया क्षेत्र में एक दुकानदार को 2 बदमाशों ने उधारी में सिगरेट नहीं देने पर बुरी तरह से पिटाई कर दी. आरोपी मौके से फरार हो गए. मामले की शिकायत के बाद पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी है. फरियादी अभिषेक सूर्यवंशी (24) निवासी शिवनगर छोला मंदिर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. अभिषेक ने पुलिस को बताया कि वह सूखी सेवनिया के ग्राम चोपड़कला में एक मकान में अपनी दुकान चलाता है. रविवार को देर शाम आरोपी गुलशन मीना और योगेश मीना ने अभिषेक से सिगरेट मांगकर विवाद किया था.

# घर में छिपा कर रखी थी अवैध लोड पिस्टल

## इब्राहिम की मौत पर पुलिस की जांच में खुलासा

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 3 फरवरी. गौतम नगर थाना पुलिस ने 12 साल के इब्राहिम की मौत की जांच करते हुए पाया है कि उसके पिता रिजवान ने ही घर में अवैध लोडेड पिस्टल छिपा कर रखी थी. इब्राहिम की मौत की खबर लगते ही रिजवान खान ने घर में ही घटना स्थल से छेड़छाड़ कर साक्ष्य मिटाने के प्रयास किया.**

पुलिस ने आरोपी रिजवान खान के पास अवैध पिस्टल 32 बोर जब्त कर ली है. आरोपी रिजवान खांन और वाहिद नूर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. रिजवान को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया. पुलिस की जांच में सामने आया है कि रिजवान की अवैध लोडेड पिस्टल के चलते दुर्घटना वश इब्राहिम की मौत हो गई.

आरोपी रिजवान के बहनोई वाहिद नूर ने अवैध पिस्टल, रिजवान को पहले से दी थी. वाहिद नूर पर बिलखिरिया थाने में मामला दर्ज है और आरोपी अभी फरार चल रहा है. इसके साथ आरोपी रिजवान के खिलाफ भी वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत इंदौर में मामला दर्ज है, वह भी फरार चल रहा है. जानकारी के मुताबिक 31 जनवरी की रात गौतम नगर पुलिस को हमीदिया अस्पताल से सूचना मिली कि इब्राहिम नाम के बच्चे को गोली लगी है. इब्राहिम के चाचा रेहान ने घायल अवस्था में इलाज के लिए उसे भर्ती किया है, बच्चे के सिर पर लगी गोली के चलते इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और जांच में जुटी. पुलिस ने घटना स्थल का फोरेसिंक टीम से निरीक्षण कराया और एफएसएल टीम की निगरानी में घटना स्थल से सबूत एकत्रित किए गए.


**करार** ▸ ईवीएम देने के लिए दोनों आयोग के बीच हुआ एमओयू

# चुनाव के लिए राजस्थान को ईवीएम देगा मप्र

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 3 जनवरी. मप्र अब राजस्थान को नगरीय और पंचायत चुनाव कराने के लिए ईवीएम देगा. इनमें 30 हजार कंट्रोल यूनिट और 60 हजार बैलेट यूनिट शामिल हैं. इसके लिए किराया भी मिलेगा.**

राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग एवं मप्र. राज्य निर्वाचन आयोग के मध्य मंगलवार को जयपुर में सचिवालय स्थित राज्य निर्वाचन आयोग में एडिशनल एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. यह एमओयू मप्र राज्य निर्वाचन आयोग एवं राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के बीच ईवीएम



उपलब्धता एवं उपयोग से संबंधित पूर्व में किए गए समझौते का विस्तार है.

आयुक्त राज्य निर्वाचन मप्र मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि इस एडिशनल एमओयू के तहत मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग को स्थानीय निकाय चुनावों के लिए कुल 30 हजार कंट्रोल यूनिट एवं 60 हजार बैलेट यूनिट किराये पर उपलब्ध कराई जाएंगी. इन ईवीएम का उपयोग राजस्थान में नगरीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में किया जाएगा. ईवीएम की आपूर्ति, उपयोग, रख-रखाव, सुरक्षा एवं वापसी से संबंधित सभी शर्तें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएंगी. राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजेश्वर सिंह ने मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आपसी समन्वय एवं सहयोग संघीय ढांचे की भावना को मजबूत करने के साथ चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा.

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग को 30 हजार कंट्रोल यूनिट एवं 60 हजार वैलट यूनिट 4 महीने की अवधि के लिए किराए पर दी जाएंगी. इसके लिए राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा मप्र राज्य निर्वाचन आयोग को लगभग 3 करोड़ रुपए दिए जाएंगे. पूर्व में भी मप्र राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़, जम्मू काश्मीर, सिक्किम और महाराष्ट्र को किराये पर ईवीएम दी जा चुकी हैं.